पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0 प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने मेरठ में 300 आंगनवाड़ी किट का वितरण किया।

लखनऊ , 20 फरवरी 2024
प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के आज एक दिवसीय मेरठ भ्रमण में विविध कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के आज एक दिवसीय मेरठ भ्रमण के दौरानआंगनबाड़ी केंद्रों सुविधा एवं साधन संपन्न बनाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट वितरित की गयी। इस किट वितरण कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा 360 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट प्रदान की गई, जिसमे बच्चों के पढ़ने,बैठने,खेलने की सामग्री सहित केंद्र पर बच्चों के लिए उपयोगी विविध प्रकार की सामग्री शामिल है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने में किट वितरण हेतु समाज के विभिन्न व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा अन्य को भी इससे प्रेरित होते हुए आगे आकर सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया।
इस अवसर पर महापौर हरिकांत अहलूवालिया, सांसद श्री राजेन्द्र अग्रवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सरधना श्री अतुल प्रधान, आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, वित्त नियंत्रक श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, निदेशक प्रसार डा0 पी0 के0 सिंह, कुलपति चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय संगीता शुक्ला, सहित अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, छात्र-छात्राएं व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

डा0 सीमा गुप्ता-
सहायक निदेशक सूचना
राजभवन
सम्पर्क सूत्र : 9453005360